# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 12.12.2024** **समय : 1905**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार सुधार के जरिए युवाओं के रास्ते में आने वाली बाधाओं को दूर करके उनकी जिज्ञासा और दृढ़ विश्वास को समर्थन दे रही है।**
- **द्वीपसमूह में लोगों की प्रकृति का आंकलन करने के लिए देश का प्रकृति परीक्षण अभियान की शुरूआत की गई है।**
- **उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने द्वीपसमूह के तीनों ज़िलों के लिए क्षेत्रीय रिकॉर्ड सर्वेक्षण समिति का पुनर्गठन किया है।**
- **सेल्यूलर जेल में कल से अतिरिक्त ध्वनि और प्रकाश कार्यकम की शुरूआत की जाएगी।**
- **गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को उपराज्यपाल के प्रशस्ति प्रमाण–पत्र से सम्मानित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है।**

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार सुधार के जरिए युवाओं के रास्ते में आने वाली बाधाओं को दूर करके उनकी जिज्ञासा और दृढ़ विश्वास को समर्थन दे रही है। स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के ग्रैंड फिनाले के दौरान नवाचारियों के साथ बातचीत में श्री मोदी ने कहा कि देश के समक्ष आई चुनौतियों पर काबू पाने के उपाय तलाशने की दिशा में आज के युवा स्वामित्व की भावना विकसित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व का भविष्य ज्ञान और नवाचार से संचालित होने जा रहा है। बदलती परिस्थितियों में भारत के युवा इसकी आशा और आकांक्षा हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार युवाओं के करियर के हर चरण पर उनके साथ है और उनकी आवश्यकताओं के अनुसार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि डिजिटल सामग्री सृजन और गेमिंग जैसे क्षेत्र एक दशक पहले अच्छी तरह से विकसित नहीं थे, लेकिन अब ये क्षेत्र भारत में तेजी से विकसित हो रहे हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रव्यापी अभियान– 'देश का प्रकृति परीक्षण अभियान' की शुरूआत की गई है, जिसका उद्देश्य एक समर्पित मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से देश के एक करोड़ से अधिक नागरिकों की प्रकृति का आंकलन करना है। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और आयुष शाखा के सहयोग से महीने भर चलने वाली इस प्रकृति परीक्षण अभियान का चिकित्सा अधिकारियों और चिकित्सकों द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा। मूल्यांकन के बाद, प्रतिभागियों को स्वास्थ्य परामर्श प्रदान की जाएगी। प्रतिभागी इसके अंतर्गत गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। प्रकृति परीक्षण एक आयुर्वेदिक परीक्षा है, जो किसी व्यक्ति की प्राकृतिक संरचना की पहचान करती है। प्रकृति पर्यावरणीय परिस्थितियों, जीवनशैली विकल्पों, दवाओं और बीमारी के प्रति व्यक्ति की प्रतिक्रिया निर्धारित करती है। लोगों की वर्तमान जीवनशैली के कारण उत्पन्न बीमारी चिंता का विषय बन गई हैं। जीवनशैली विकारों की रोकथाम और उपचार में आयुर्वेदिक अवधारणाओं का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है। यह दृष्टिकोण आधुनिक पी5 चिकित्सा सिद्धांतों को रेखांकित करता है। आम जनता अपनी प्रकृति का मूल्यांकन करवाने के लिए अपने नजदीकी आयुष केंद्रों से संपर्क कर सकते हैं। इस प्रकृति परीक्षण ऐप को गूगल प्ले स्टोर या क्यूआर कोड के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><><>

उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने द्वीपसमूह के तीनों ज़िलों के लिए क्षेत्रीय रिकॉर्ड सर्वेक्षण समिति का पुनर्गठन किया है और अब इसे ज़िला रिकॉर्ड सर्वेक्षण समिति के नाम से जाना जाएगा। इस सिलसिले में उप–समितियों का भी पुनर्गठन किया गया है। ये उप–समिति ज़िला उपायुक्तों की अध्यक्षता में कार्य करेगी। समिति द्वीपों के इतिहास से संबंधित सर्वेक्षण के कार्यों के साथ–साथ रिकॉर्डों की सूची, उनका दस्तावेजीकरण, फोटो संकलन तथा हस्तलिपि को संग्रह करेगी। व्यक्तिगत लोग और निजी संस्थान जिनके पास द्वीपों के इतिहास से जुड़ी जानकारियां उपलब्ध हैं, वे व्यक्तिगत रूप से या फोन के जरिए अंडमान निकोबार अभिलेखागार या ज़िलों के उपायुक्तों से संपर्क कर सकते हैं। लोगों से प्राप्त दस्तावेजों को संरक्षित रखा जाएगा, ताकि भविष्य में शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों और अन्य लोगों को इसका लाभ मिल सके। इतिहास से जुड़े दस्तावेजों की प्रतिलिपि लेने के लिए आने वाले खर्च को अंडमान निकोबार प्रशासन वहन करेगा। ऐसे लोगों और संस्थानों को क्षेत्रीय रिकॉर्ड सर्वेक्षण समिति की ओर से उचित सम्मान दिया जाएगा।

<><><><><><><>

पर्यटन मौसम को देखते हुए सेल्यूलर जेल में अतिरिक्त ध्वनि और प्रकाश कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। कार्यक्रम कल से लेकर अगले वर्ष दस जनवरी तक रात्रि आठ बजकर पचास मिनट से पर्यटकों के लिए उपलब्ध रहेगी।

<><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि वर्ष दो हजार पैंतीस तक भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन 'भारत अंतरिक्ष स्टेशन' होगा, जबकि वर्ष दो हजार चालीस तक कोई भारतीय नागरिक चांद पर उतरेगा। नई दिल्ली में 'सभी विज्ञान मंत्रालयों की उपलब्धियों' पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा लाए गए अंतरिक्ष सुधारों ने अंतरिक्ष क्षेत्र में अवसरों को उजागर किया है। केन्द्रीय मंत्री ने विज्ञान के प्रति बहु–विषयक दृष्टिकोण के लिए सरकार के दृष्टिकोण का भी उल्लेख किया।

<><><><><><>

सोशल मीडिया मंच प्रदान करने वाली कंपनी–मेटा ने पुष्टि की है कि तकनीकी समस्या के चलते इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप उपयोगकर्ताओं को एप के इस्तेमाल में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मेटा ने एक्स पर एक बयान में पुष्टि की है कि कम्पनी को पता है कि इस तकनीकी समस्या के कारण कुछ उपयोगकर्ताओं को ऐप्स का इस्तेमाल करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी ने कहा है कि वह सामान्य सेवा जल्द बहाल करने के लिए काम कर रही है।

<><><><><><>

अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर कला, वाणिज्य, शिक्षा, खेल, संस्कृति तथा सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले या सराहनीय सेवा प्रदान करने वाले व्यक्तियों को उपराज्यपाल के प्रशस्ति प्रमाण–पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इस सिलसिले में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के नागरिकों और संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रशस्ति प्रमाण–पत्र की पात्रता के लिए दिशा–निर्देश भी जारी किया गया है। विभिन्न क्षेत्रों में से किसी एक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को प्रशस्ति प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाएगा। आवेदक निर्धारित प्रपत्र में नाम, जन्म तिथि, व्यवसाय, पता और एक सौ पचास शब्दों में अपने कार्यों की जानकारी की सॉफ्ट कॉपी सतर्कता अनापत्ति प्रमाण–पत्र के साथ तीन जनवरी शाम पांच बजे तक प्रशासन के सचिवालय के गोपनीय प्रकोष्ठ में जमा कर सकते है।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान के रामपुर ग्राम पंचायत में हाल ही में ग्राम सभा में बच्चों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। इस पहल का उद्देश्य ज़मीनी स्तर पर निर्णय लेने की प्रकिया में बच्चों की भागीदारी को बढ़ावा देकर उन्हें सशक्त बनाना है। खंड विकास अधिकारी श्री जोसेफ ने सामुदायिक निर्णयों में बच्चों के दृष्टिकोण को एकीकृत करने के महत्व पर बल दिया। महिला सशक्तिकरण विशेषज्ञा सी. विजया ने सत्रह सतत विकास लक्ष्यों पर प्रकाश डालते हुए बाल सशक्तिकरण के लिए बाल सभा और बाल पंचायत के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर पंचायत प्रधान सॉ थॉमसन और ज़िला बाल संरक्षण इकाई की परामर्शदाता दीपिका बराल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><>

त्रिपुरा में चल रहे पहले एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया–राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट में द्वीपसमूह से ऑटो के अध्यक्ष एम विनोद भी भाग ले रहे हैं। तीन दिवसीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सो से आए प्रतिनिधिमंडल राज्य के पर्यटन हितधारकों के साथ बैठक करेंगे। आटो के अध्यक्ष ने कहा कि यह मंच ब्रांड अंडमान को बढ़ावा देने में मदद करेगा। इस मार्ट में देश भर से पचहत्तर से अधिक ए डी टी ओ आई के सदस्य भाग ले रहे हैं।

<><><><><><>